आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

भाुकवार 01.11.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री धाम के कपाट कल श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे।
- केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने युवाओं से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार के लिए आवेदन करने का आह्वान किया।
- चमोली जिले में स्थित विश्व धरोहर फूलों की घाटी शीतकाल के लिए बंद कर दी गई है।
- त्योहारी सीजन में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने देहरादून से लखनऊ के बीच स्पेशल पैसेंजर ट्रेन का संचालन शुरू किया।
- देशभर में पांच दिवसीय दीपोत्सव का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है।

............

**गंगोत्री धाम**

उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री धाम के कपाट कल दोपहर 12 बजकर 14 मिनट पर अभिजीत मुहूर्त में श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इस वर्ष अब तक आठ लाख से अधिक तीर्थयात्री गंगोत्री धाम के दर्शन कर चुके हैं। धाम के तीर्थपुरोहित ने बताया कि कपाट बंद होने के साथ ही मां गंगा की उत्सव डोली गंगोत्री से प्रस्थान कर भगवती मंदिर मारकंडे के पास रात्रि विश्राम करेगी और तीन नवंबर को देवी गंगा की डोली अपने शीतकालीन प्रवास मुखवा में विराजमान हो जाएगी। इसके बाद श्रद्धालु अगले छह माह तक शीतकालीन गद्दीस्थल पर मां गंगा के दर्शन कर सकेंगे। वहीं, रुद्रप्रयाग स्थित केदारनाथ धाम और उत्तरकाशी स्थित यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया भी जोरों पर है। दोनों धामों के कपाट तीन नवंबर को बंद होंगे। कपाट बंद होने से पहले मंदिर को कई क्विंटल फूलों से सजाया गया है। केदारनाथ के तीर्थपुरोहित ने बताया कि परंपराओं के अनुरूप मंदिर के गर्भगृह से हक हकूकधारियों ने भगवान केदारनाथ का छत्र निकाला। इस बीच, बाबा केदार के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है।

**राष्ट्रीय युवा पुरस्कार–2022–23**

राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2022–23 के लिए आज से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। आवेदन 15 नवंबर तक किए जा सकेंगे। अभ्यर्थी awards.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। ये जानकारी देते हुए केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने युवाओं से पुरस्कार के लिए आवेदन करने का आह्वान किया है।

युवा मामलों के मंत्रालय द्वारा भारतीय युवाओं को समाज सेवा में उनके शानदार और उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार स्वास्थ्य, अनुसंधान और नवाचार, कला और साहित्य, पर्यटन, सक्रिय खेल और शैक्षणिक उत्कृष्टता जैसे विकास गतिविधियों और सामाजिक सेवाओं के विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं के लिए पहचान योग्य उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया जाएगा।

**सीएम केदारनाथ**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज केदारनाथ धाम में पूजा–अर्चना कर बाबा केदार से प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री धामी ने कहा कि इस वर्ष बेहतर व्यवस्थाओं के फलस्वरुप केदारनाथ धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस दौरान उन्होंने देश भर से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं, स्थानीय दुकानदारों व सम्मानित पुरोहितगणों से बातचीत कर व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारियां ली।

**सीएम दीपावली**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चंपावत के बनबसा में सशस्त्र सीमा बल, सीमा सड़क संगठन और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों के साथ दिवाली मनाई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जवानों को मिठाई खिलाई और उनसे बातचीत की। इस मौके पर जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सेना के जवानों और उनके परिजनों के लिए कई योजनाएं संचालित की हैं, जिसका लाभ प्रदेश के सैनिकों को दिया जा रहा है।

**फूलों की घाटी**

चमोली जिले में स्थित विश्व धरोहर फूलों की घाटी शीतकाल के लिए बंद कर दी गई है। जिला पर्यटन अधिकारी बृजेश पांडेय ने बताया कि इस साल 19 हज़ार से अधिक पर्यटकों ने घाटी का भ्रमण किया, जिसमें 330 विदेशी पर्यटक भी शामिल थे। इससे पार्क प्रशासन को 39 लाख 39 हजार 250 रुपये की आय हुई है। गौरतलब है कि फूलों की घाटी हर साल एक जून को पर्यटकों के लिए खोली जाती है और 31 अक्टूबर को बंद कर दी जाती है। फूलों की घाटी में दुर्लभ प्रजाति के वन्य जीवों और वन संपदा की सुरक्षा को देखते हुए पार्क प्रशासन ने घाटी के महत्वपूर्ण स्थानों पर पांच ट्रैप कैमरे लगाए हैं।

**दीपावली**

देशभर में पांच दिवसीय दीपोत्सव का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रदेश के बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ देखी गई। इस अवसर पर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया– कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि अब तक 4 लाख 25 हजार करोड़ रुपये का व्यापार हो चुका है, जो कि एक रिकॉर्ड है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहेगी।

वहीं, राज्य के पर्वतीय अंचल में आज भी दीपावली का त्योहार पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उमंग और उत्साह के इस त्योहार को मनाने के लिए लोग घरों में पूरी–पकोड़ी और विभन्न प्रकार के व्यंजन बना रहे हैं। साथ ही लोग बाजारों से मिठाईयां, खिल–बताशे, दीये, बाती, मोमबत्ती तथा अन्य जरूरी सामान की खरीददारी कर रहे हैं। केदारनाथ और बदरीनाथ में भी आज दीपावली उत्सव की धूम है। इस मौके पर दोनों धामों को कई क्विंटल रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया है। वहीं, कल प्रदेशभर में गोवर्धन पूजा का त्योहार मनाया जाएगा। दीपावली के अगले दिन कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को मनाये जाने वाले इस त्योहार में गायों की पूजा की जाती है। गोवर्धन पूजा पर्व को अन्नकूट पर्व के नाम से भी जाना जाता है। इसके साथ ही राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में दीपावली के 11 दिन बाद इगास–बग्वाल मनाई जाएगी।

## रेल टिकट अग्रिम आरक्षण

रेल टिकटों के अग्रिम आरक्षण के नए नियम आज से लागू हो गए हैं। रेलवे ने अग्रिम आरक्षण की समय सीमा एक सौ बीस दिन से घटाकर साठ दिन कर दी है। हालांकि, इस वर्ष 31 अक्टूबर तक किए गए सभी आरक्षित टिकट बरकरार रहेंगे। रेल मंत्रालय के अनुसार साठ दिन पहले के आरक्षण से टिकट जमा करने की संभावनाएं कम होंगी और यात्रियों को अधिक टिकट मिल सकेंगे।

## विशेश ट्रेन

त्योहारी सीजन में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने देहरादून से लखनऊ के बीच एक स्पेशल पैसेंजर ट्रेन का संचालन शुरू किया है। ट्रेन से दून से यूपी के पूर्वांचल और बिहार जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। रेलवे के मुख्य वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के अनुसार, यह ट्रेन देहरादून रेलवे स्टेशन से शाम सवा छह बजे लखनऊ के लिए चलेगी। ट्रेन का संचालन आठ नवंबर तक किया जाएगा। इसके अलावा, रेलवे ने प्रयागराज संगम–योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस ट्रेन में दो अतिरिक्त जनरल कोच बढ़ा दिये हैं।

## दुर्घटना

नैनीताल जिले में हल्द्वानी–कालाढूंगी मार्ग पर आज दो वाहनों की टक्कर में दो लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, टिहरी जिले में नरेंद्रनगर–रानी पोखरी बाईपास मार्ग पर एक वाहन के खाई में गिरने दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एसडीआरएफ की टीम ने घायलों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया।

## नमो ड्रोन दीदी

केंद्र सरकार ने केंद्रीय योजना नमो ड्रोन दीदी के संचालन के दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत एक हजार 261 करोड़ रूपये के योजना खर्च से इस केंद्रीय योजना को स्वीकृति दी थी। योजना में 2024–2025 से 2025–2026 तक के लिए 14 हजार 500 चुनिंदा महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। दिशा निर्देशों के अनुसार नमो ड्रोन दीदी योजना केंद्रीय स्तर पर एक अधिकार प्राप्त समिति संचालित करेगी। ड्रोन और उसके उपकरणों की लागत का 80 प्रतिशत हिस्सा महिला स्वयं सेवा सहायता समूहों को दिया जाएगा, जिससे वे ड्रोन खरीद सकेंगे।

## गंगा उत्सव

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की ओर से 4 नवंबर को हरिद्वार के चंडी घाट पर गंगा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम हर साल गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किए जाने की वर्षगांठ पर आयोजित किया जाता है। समारोह में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत केंद्र और राज्य सरकार के कई लोग शामिल होंगे। गंगा उत्सव के दौरान गंगा संवाद का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रमुख हस्तियों, धार्मिक और आध्यात्मिक गुरुओं के बीच विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी।

## नदी को प्रदूषित

अल्मोड़ा–हल्द्वानी राजमार्ग पर रामगढ़ क्षेत्र में नदी को प्रदूषित करने वालों पर नैनीताल वन विभाग पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाएगा। वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी ने बताया कि नदी को प्रदूषित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि राजमार्ग पर स्थित रामगढ़ क्षेत्र में बहने वाली नदी लगातार प्रदूषित हो रही है। राजमार्ग पर सफर करने वाले पर्यटक जल विद्युत परियोजना के पास नदी क्षेत्र को जाने वाले रास्ते से नदी तक पहुंच रहे हैं और नदी में कूड़ा डाल रहे हैं।